# डिलिवरी के 1० दिन बाद ही शूट पर वापस लौटीं

नेहा धूपिया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस नेहा धूपिया हाल में एक बेबी गर्ल की मां बनी हैं। खास बात यह है कि बेटी को जन्म देने के महज 1० दिन बाद ही उन्होंने फिर से शूटिंग करना शुरू कर दिया है। जी हां, डिलिवरी के बाद बिना ज्यादा ब्रेक लिए वह एक बार फिर काम पर वापसी करती देखी गईं। 18 नवंबर को उनकी डिलिवरी हुई और 29 नवंबर को उन्हें एक ऐड की शूटिंग करते देखा गया। यह ऐड किसी कपड़े के ब्रैंड का था जिसमें हाल ही में मां बनीं नेहा का मैटरनिटी ग्लो साफ नजर आ रहा है।

पूर्व मिस इंडिया नेहा ने शूटिंग के सेट से अपनी एक मिरर सेल्फी शेयर की जिसमें वह काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। फोटो के साथ उन्होंने काम पर वापसी का कैप्शन भी लिखा है।

नेहा अपने प्रफेशनल लाइफ और कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं इसका अंदाजा तो इसी से लग गया था जब प्रेग्नेंसी के दौरान भी उन्होंने अपने शो नो फिल्टर नेहा की शूटिंग जारी रखी थी। ऐसे में एक बार फिर इतनी जल्दी शूट पर वापसी करके उन्होंने साबित कर दिया कि उन्हें फैमिली के साथ-साथ प्रफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलना काफी अच्छे से आता है।

बता दें कि ऐक्ट्रेस नेहा धूपिया और अंगद बेदी 18 नवंबर को ही बेबी गर्ल के पैरेंट्स बने हैं। नेहा ने बेटी की तस्वीर शेयर कर बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम मेहर धूपिया बेदी

# बधाई हो की सफलता के बाद आयुष्मान खुराना ने की अपनी अगली फिल्म की घोषणा



फिल्म विकी डोनर से बॉलिवुड में अपना फिल्मी सफर शुरू करने वाले आयुष्मान खुराना ने अपने करियर में कई सफल फिल्में की हैं। सफल फिल्म से डेब्यू करने के बाद आयुष्मान ने शुभ मंगल सावधान, बरेली की बर्फी, अंधाधुन और बधाई हो जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है।

आयुष्मान ने अब अपनी पिछली फिल्म बधाई हो की सफलता के बाद अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। आयुष्मान ने बताया है कि उनकी अगली फिल्म का नाम ड्रीम गर्ल होगा और इस फिल्म में वह अपनी वॉइस के साथ कुछ प्रयोग करते नजर आएंगे। इस फिल्म की घोषणा करते हुए आयुष्मान ने एक विडियो शेयर किया है।

इस फिल्म का डायरेक्शन राज शांडिल्य करेंगे और एकता कपूर इसे प्रड्यूस करेंगी। फिल्म में आयुष्मान के ऑपोजिट प्यार का पंचनामा फेम नुसरत भरूचा दिखाई देंगी। आयुष्मान के इस विडियो को शेयर करने के बाद उनके फैन्स भी काफी उत्साहित हैं और उनकी इस आने वाली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।



# अंधविश्वास भरे शोज में दर्शकों की दिलचस्पी से हैरान हूं : गिरिजा ओक

अभिनेत्री गिरिजा ओक भारतीय दर्शकों की अंधविश्वास से भरे टेलीविजन धारावाहिकों में बढ़ती दिलचस्पी देखकर हैरान हैं। गिरजा ने कहा, निर्माताओं से ज्यादा मैं दर्शकों की दिलचस्पी देखकर हैरान हूं। कई लोग निर्माताओं को इस तरह के धारावाहिक बनाने का दोषी मानते हैं, लेकिन ऐसे लोगों का वर्ग है, जो ऐसे शोज देखना पसंद करते हैं। उनके मुताबिक, निर्माता इस तरह के शो इसलिए बनाते हैं क्योंकि उन्हें आजकल के समय में इनसे सर्वाधिक टीआरपी मिल रही है। उन्होंने कहा, हर कोई यहां व्यवसाय के लिए है। वही बनाया जाएगा जो बिकता है.. यदि ऐसे शो देखे जा रहे हैं तो निर्माता इन्हें बनाएंगे। यहां कोई परोपकार के लिए नहीं बैठा। हालांकि, उनका मानना है कि टेलीविजन शो की सामग्री में अच्छी रचनात्मकता, क्लास और उसका तर्कसंगत होना जरूरी है। तारे जमीं पर और शोर इन द सिटी में नजर आई 3० वर्षीया गिरिजा सोनी एंटरटेंमेंट टेलीविजन के लेडीज स्पेशल में नजर आ रही हैं।

# उर्वशी फ्लैमेंको डांस करती नजर आएंगी



अभिनेत्री उर्वशी रौतेला का कहना है कि वह पहली बार किसी शो में सबसे कठिन नृत्य शैली फ्लैमेंको परफॉर्म करेंगी। उर्वशी डांस शो द डांस प्रोजेक्ट में फ्लैमेंको परफॉर्म करेंगी। उर्वशी ने जारी बयान में कहा, यह पहली बार है, जब दर्शक मुझे इस शैली में डांस करते देखेंगे। फ्लैमेंको बहुत ही मुश्किल डांस फॉर्म है और इसे करने से पहले इसे गहराई से समझना होता है। मैंने इसके बारे में बहुत पढ़ा है और इसे करने की बहुत प्रैक्टिस की है।

यह शो नए डांस फॉर्म आजमाने का एक साझा प्लेटफॉर्म है, जहां बॉलीवुड, टीवी और यूट्यूब के सितारे आकर हाथ आजमाते हैं। इसका प्रसारण सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब चैनल पर होता है।

# नवाजुद्दीन संग काम करना बड़ी बात: सान्या

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का कहना है कि फिल्म फोटोग्राफ में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करना उनके लिए एक बड़ी बात है क्योंकि इससे उन्हें अपने पसंदीदा अभिनेता के साथ काम करने का मौका मिला है।

सान्या ने फैशन डिजाइनर रितु कुमार के स्टोर लॉन्च पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मैंने दंगल के बाद फोटोग्राफ की शूटिंग शुरू की, इसलिए मेरे लिए यह सचमुच खास रहा है।

उन्होंने कहा, यह मेरी दूसरी फिल्म थी, हालांकि दंगल के बाद पटाखा रिलीज हुई। रितेश बत्रा और नवाज सर के साथ काम करने का अनुभव बेहतरीन रहा। मेरे लिए नवाज सर के साथ काम करना एक बड़ी बात थी क्योंकि वह मेरे पसंदीदा अभिनेता हैं।

सान्या ने कहा, शुरुआत में मैं उनसे थोड़ा नर्वस थी, लेकिन इसके बाद मैंने उनके सभी इंटव्यू देखे कि वह किस तरह अपनी भूमिकाएं तैयार करते हैं, जिससे मैं उनके साथ ठीक ढंग से काम कर सकूं।

# ...तो जाह्नवी कपूर को डेट कर रहे हैं ईशान खट्टर?

फिल्म धड़क में ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर के बीच की केमिस्ट्री बड़े पर्दे पर दर्शकों को काफी पसंद आई थी। दोनों में अभी भी काफी पक्की दोस्ती हैं और दोनों को कई मौकों पर फिल्म के रिलीज होने के इतने दिनों बाद भी देखा जा सकता है। ईशान और जाह्नवी के बीच अफेयर की खबरें भी पिछले काफी दिनों से आ रही हैं। हाल में करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में भी अर्जुन कपूर ने यह बात कही थी कि ईशान हर समय जाह्नवी के आस-पास रहते हैं। उनके इस बयान से भी इस बात को बल मिला कि शायद ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर रिलेशनशिप में हैं।



अब ईशान खट्टर की सोशल मीडिया पोस्ट ने इस बात को और पुख्ता कर दिया है। उन्होंने जाह्नवी के क्लोज शॉट वाली एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने इस फोटो के साथ लिखा है, तुम फोटोबॉम्ब क्यों हो? मैं तो खुले आसमान की अच्छी तस्वीर लेना चाहता था। इस पोस्ट के बाद फैन्स ने कहना शुरू कर दिया कि ये दोनों ही ऐक्टर्स एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट किया कि निश्चित तौर पर ये दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। इसी तरह अन्य यूजर्स ने भी कहा कि अर्जुन कपूर ने सही ही कहा है कि ईशान हर समय जाह्नवी के आस-पास रहते हैं।